



नवभारत

भोपाल, गुरुवार 11 जून, 2026


## एक नजर में

### 16 जून तक आयोजित होंगे रोजगार शिविर

**राजगढ़ 10 जून, का.** जिले में सिक्योरिटी गार्ड भर्ती शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. जिले के विभिन्न जनपद पंचायत मुख्यालयों एवं शासकीय आईटीआई राजगढ़ में भर्ती कैम्प आयोजित किए जाएंगे. भर्ती शिविरों का आयोजन 10 से 16 जून तक किया जा रहा है. आज 11 जून को खिलचीपुर में, 12 जून को जीरापुर में, 15 जून को सारंगपुर में तथा 16 जून को शासकीय आईटीआई राजगढ़ में किया जाएगा. सभी शिविर प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होंगे. भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत सुरक्षा जवान के 500 पद एवं सुपरवाइजर के 25 पदों पर चयन किया जाएगा.

### कलेक्टर ने रेडक्रॉस से दी आर्थिक सहायता

**राजगढ़ 10 जून, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा ग्राम कोडिया निवासी महेश मालवीय को ढ़ोलक, पेटी एवं तंबूरा रेडक्रॉस के माध्यम से प्रदाय की गई. आवेदक के द्वारा बताया गया कि आवेदक गरीब एवं विकलांग हैं. वह दोनो आंखो से दृष्टिहीन हैं तथा ढोलक, पेटी एवं तंबूरा बजाने में सक्षम हैं. उसका जीवन यापन केवल संगीत के सहारे ही संभव हैं तथा उसने बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं हैं.

### जिले में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**राजगढ़ 10 जून, का.** कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को बढ़ावा देने और जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद क्लोज सीजन घोषित किया गया है. इन दो महीने की अवधि में जिले की समस्त नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों में मत्स्याखेट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा. इस अवधि में यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से मत्स्याखेट या परिवहन करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. आदेश के उल्लंघन पर संबंधित व्यक्ति को 5 हजार रूपये का जुर्माना या छह महीने की सजा या दोनों से दंडित किया जा सकता है. इन निजी या स्थानीय छोटे तालाबों में सामान्य दिनों की तरह मत्स्य पालन और आखेट किया जा सकेगा.

### स्कूल सर्टिफिकेशन प्रोग्राम में मावि चयनित

**राजगढ़ 10 जून, का.** मध्यप्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग की स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत सरकारी विद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर करने और अच्छे प्रदर्शन की शालाओं को सम्मानित करने के उद्देश्य से स्कूल सर्टिफिकेशन योजना प्रारंभ की गई. इस योजना अंतर्गत विद्यालय के पूर्व निर्धारित मानको की उत्कृष्टता के आधार पर नामांकित करके एसीईआर संस्था द्वारा थर्डपार्टी असेसमेंट द्वारा प्रदेश की 451 शालाओं का मूल्याकंन किया गया. राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा परिणाम जारी करते हुए चयनित शालाओं की सूची जारी की गई. जिसमें जिले से राजगढ़ विकासखंड की माध्यमिक विद्यालय दाताग्राम शाला को सर्टिफिकेशन की ब्रांज केटेगरी अवार्ड हेतु चयनित किया गया. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा चयनित शाला के पदस्थ प्रधानाध्यापक गायत्री पुष्पद, शिक्षिका कुसुम शर्मा, शिक्षक रमेश चन्द्र शर्मा को शाल, श्रीफल और पदक देकर सम्मानित किया गया.

# वायरल की धमकी देकर लूट रहा रिकवरी गैंग

लोन एप की ईएमआई रिकवरी के नाम पर ग्राहकों की निजी जानकारी को अश्लील तरीके से सार्वजनिक करने वाला गिरोह धराया

**उत्तर प्रदेश के अमेठी के 4 आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर करते थे अवैध वसूली, 04 आरोपी गिरफ्तार**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 10 जून, का. थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय साइबर ब्लैकमेलिंग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है. 02 जून को एक आवेदक द्वारा थाना कोतवाली राजगढ़ में शिकायत प्रस्तुत की गई थी कि अज्ञात व्यक्तियों द्वारा व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर फर्जी लोन रिकवरी के नाम पर उसे भयभीत एवं प्रताड़ित किया जा रहा है.**

आरोपियों द्वारा आवेदक की फोटो का दुरुपयोग कर अश्लील एवं आपत्तिजनक सामग्री तैयार कर उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने तथा उसके परिचितों एवं रिश्तेदारों को भेजने की धमकी दी गई.

आरोपियों के दबाव एवं भय के कारण आवेदक ने विभिन्न यूपीआई खातों में कुल 28 हजार की राशि स्थानांतरित कर दी. शिकायत की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई.

### आपके डर का फायदा उठा रहे नकली रिकवरी एजेंट

विवेचना एवं तकनीकी विश्लेषण के दौरान यह तथ्य सामने आया कि आरोपी फर्जी लोन ऐप एवं रिकवरी एजेंट बनकर लोगों को अपने जाल में फंसाते थे. इसके पश्चात पीड़ितों की व्यक्तिगत जानकारी एवं फोटो का दुरुपयोग कर उन्हें अश्लील फोटो या वीडियो वायरल करने की धमकी दी जाती थी तथा मानसिक दबाव बनाकर धनराशि की अवैध वसूली की जाती थी. आरोपियों द्वारा प्राप्त धनराशि को विभिन्न डिजिटल माध्यमों से स्थानांतरित कर बाईनेंस जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से (क्रिप्टो करेंसी) में परिवर्तित किया जाता था, जिससे धन के स्रोत एवं लेन-देन को छिपाया जा सके. जांच के दौरान इस गिरोह के अंतर्राज्यीय एवं संभावित अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत भी प्राप्त हुए हैं, जिनकी विस्तृत जांच की जा रही है.

### बायनेंस से खातों में 30 लाख पहुंचा, 4 आरोपी धराए

पुलिस टीम द्वारा त्वरित एवं सुनियोजित कार्रवाई करते हुए निम्न आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. इनमें उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के 4 आरोपियों में मोहम्मद आकीब खान (22 वर्ष) निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.), इस्माइल (28 वर्ष) निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.), मोहम्मद इल्तिफात (28 वर्ष) निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.), अरमान हुसैन निवासी जिला अमेठी (उ.प्र.) शामिल है. गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है. प्रकरण से संबंधित बैंक खातों डिजिटल लेन-देन, मोबाइल फोन, सोशल मीडिया खातों एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों का परीक्षण किया जा रहा है. उक्त आरोपियों के बैंक खातों की जानकारी प्राप्त की गई जिसमें इनके दवारा लगभग 30 लाख रुपये की अन्य लोगों के साथ ठगी की गई है. जो बायनेंस के माध्यम से अन्य खार्ता में स्थानान्तरित की गई है उन खातों की जानकारी प्राप्त कर प्रकरण में शामिल अन्य व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है तथा आवश्यकतानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

### लोन एप और रिकवरी के जाल से बचें

राजगढ़ पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति अथवा संदिग्ध लोन ऐप पर विश्वास न करें. अपनी व्यक्तिगत, बैंकिंग अथवा वित्तीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें. यदि कोई व्यक्ति अश्लील फोटो, वीडियो अथवा अन्य आपत्तिजनक सामग्री वायरल करने की धमकी देकर धन की मांग करता है, तो घबराएं नहीं और तत्काल निकटतम पुलिस थाना अथवा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं. उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मंजू मखेनिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुभाष द्विवेदी, उप निरीक्षक जितेन्द्र अजनारे, उप निरीक्षक राहुल रघुवंशी, आरक्षक अतुल, आरक्षक कुलदीप, आरक्षक अशोक, आरक्षक सुमित, आरक्षक पवन एवं आरक्षक गौरव का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा.

# आपस में भिड़ी बाइकें, ढाई साल का बच्चा गंभीर घायल

युवक का पैर टूटा, परिवार के साथ मंदिर जा रहा था युवक



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 जून, का.** भोजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले होंडा माता टेकरी के समीप दो बाईकों की आपस में जोरदार भिडंत हो गई. दुर्घटना में एक ढाई साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि एक युवक के पैर में फ्रेक्चर आया है. बाईक आमने-सामने से टकराई.हादसे के बाद घायलों को खिलचीपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को रेफर कर दिया गया, जबकि गंभीर रूप से घायल मासूम को परिजन सीधे झालावाड़ ले गए.

जानकारी के अनुसार, परसपुरा गांव निवासी बिरम तंवर (18) अपने दोस्त राधेश्याम और जीजा भगवान सिंह तंवर के साथ बाइक से होंडा माता मंदिर से गांव लौट रहा था. वहीं दंड गांव निवासी पवन भील अपनी पत्नी सोना और ढाई साल के बेटे आयुष के साथ बाइक से होंडा माता मंदिर जा रहा था, जहां उसके ससुराल पक्ष की ओर से भोजन कार्यक्रम आयोजित था.

होड़ा माता मंदिर की पहाड़ी के पास दोनों बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई. हादसे में आयुष गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन तत्काल इलाज के लिए झालावाड़ ले गए. वहीं पवन भील के पैर में चोट आई, जबकि बिरम तंवर के पैर में फ्रेक्चर हो गया. दोनों घायलों को पहले खिलचीपुर अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें रेफर कर दिया. हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई.

## रोड निर्माण में देरी को लेकर वार्डवासी बोले- जल्द काम शुरू नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

**कुरावर 10 जून, सं.** सड़क निर्माण में देरी होने पर वार्ड के लोगों ने विरोध प्रकट किया और नपा का घेराव कर दिया. मामला वार्ड क्रमांक 5 का है. रहवासियों ने सड़क निर्माण में हो रही देरी को लेकर मंगलवार को नगर परिषद पहुंचकर सीएमओ का घेराव किया. वार्डवासियों ने आरोप लगाते हुए बताया कि तीन माह पहले मेन रोड से गणेश मंदिर तक सड़क निर्माण के लिए घरों के सामने की सीढ़ियां और नालियां तोड़ दी गई थीं, लेकिन अब तक सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ. इससे नालियों का गंदा पानी घरों में घुस रहा है और बारिश के मौसम में परेशानी बढ़ने की आशंका है. पार्षद मोहन वर्मा ने आरोप लगाया कि उनके वार्ड की उपेक्षा की जा रही है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि चार दिनों के भीतर सड़क निर्माण शुरू नहीं हुआ तो कलेक्टर को ज्ञापन देकर बस स्टैंड मार्केट रोड पर चक्काजाम, नगर परिषद के सामने भूख हड़ताल किया जाएगा.




# प्रकृति के अपमान का नतीजा है ग्लोबल वार्मिंग

संत कबीर के विचारों को नए वर्ग तक पहुंचाएं- विवेक साहेब

नवभारत न्यूज

**सुठालिया 10 जून, सं.** संत कबीर के विचारों को नए वर्ग तक पहुंचाए. जिससे बाल बच्चों को नए संस्कार मिले कबीर साहब के मानव जीवन के संदर्भ में यदि उनके विचारों को देखा जाए तो उनका मानना था. कि मानव को मानव की दृष्टि से लेकर ना कोई ऊंचे ना कोई नीचे यदि जाति वर्ण के आधार पर किसी का आकलन करते हे तो यह पाप है. उक्त उद्गार स्थानीय कंचन हरी मैरिज गार्डन में चल रहे तीन दिवसीय कबीर सत्संग के दोरान विवेक साहेब ने व्यक्त किए.

विवेक साहेब ने कहा की आज के समय में बाहरी वातावरण बदल रहा है. उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की समस्या प्रकृति के साथ छेड़ छाड़कर और दोहन करने से हुई है. सत्संग में आमोही साहेब मधुरम साहेब जयति साहेब आदि में भी प्रवचन दिए. मंडलोई कृषि सेवा केन्द्र सुठालिया द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय सत्संग ज्ञान यज्ञ का आज 11 जून को समापन होगा. आयोजक डा रामलाल मंडलोई, मांगीलाल मंडलोई, लक्ष्मीनारायण मंडलोई ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से सत्संग पुण्य लाभ लेने की अपील की.

# साढ़े 3 किलोग्राम गांजा जप्त, एक तस्कर गिरफ्तार

सिटी पुलिस की कार्यवाही, बाइक से तस्करी कर रहा था आरोपी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 जून, का. सिटी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3.676 किलोग्राम अवैध गांजा जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. बुधवार को थाना ब्यावरा शहर पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति सुठालिया बायपास ब्रिज के आगे गुना-ब्यावरा रोड पर अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बिक्री करने की फिराक में खड़ा है.** सूचना प्राप्त होते ही थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के निर्देशन में उप निरीक्षक मनमोहन सिंह भील के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई.

पुलिस टीम को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगा, किन्तु पुलिस की तत्परता एवं सतर्कता से उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया. पूछताछ में उसने अपना नाम मुकेश यादव पिता रामसिंह यादव, उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम मोया, थाना ब्यावरा देहात, जिला राजगढ़ बताया. तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक कपड़े के थैले में रखे चार पैकेट बरामद हुए, जिनमें कुल 3.676 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पाया गया.

## नवविवाहिता ने लगाई फांसी अस्पताल लेकर निकले

**ब्यावरा 10 जून, सं.** मलावर के हाथियाखोह इलाके में एक नवविवाहिता ने मंगलवार की सुबह फांसी लगा ली. जब परिजनों ने उसे फंदे पर लटके देखा तो तुरंत उतारकर अस्पताल ले जाने के लिए निकले, हालांकि रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया. कुरावर के पास की रहने वाली करीना का 6 माह पहले मलावर के हाथियाखोह निवासी महेंद्र भील के साथ विवाह हुआ था. मंगलवार सुबह सबकुछ सामान्य था, परिजन भी काम में लगे हुए थे. इसी दौरान किसी ने 21 वर्षीय करीना को फांसी के फंदे पर लटके हुए देखा. जैसे ही नई बहू के फांसी लगाने की खबर फैली, पूरे घर में हड़कंप मच गया. नवविवाहिता को लेकर जब तक अस्पताल पहुंचे वह दम तोड़ चुकी थी.



# प्लांट में पानी ट्रीटमेंट के बाद सीएमओ ने चखा पानी का स्वाद

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 10 जून, सं.** नागरिकों को साफ पानी सप्लाई करने के लिए बुधवार शाम करीब 5 बजे सीएमओ दीपक कुमार रानवे ने इंटकवेल जलप्रदाय केंद्र और फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया. यहां उन्होंने क्लोरीनेशन व्यवस्था जांची, नियमित सैंपलिंग के निर्देश दिए. इस दौरान उन्होंने क्लोरीनेशन ट्रीटमेंट के बाद खुद पानी को चखा और गंध और स्वाद का परीक्षण किया. सीएमओ रानवे ने निरीक्षण के दौरान इंटकवेल क्षेत्र से पानी के सैंपल लिए और उनकी क्वालिटी चेक करवाई. सीएमओ ने स्टाफ को निर्देश दिए कि बारिश के बाद पानी की गुणवत्ता पर खास नजर रखी जाए और नियमित सैंपलिंग की जाए.

सीएमओ ने कहा कि शहर की वाटर सप्लाई को सुचारु रूप से चलाना पहली प्राथमिकता है. उन्होंने कर्मचारियों को भीषण गर्मी और संभावित जल संकट को देखते हुए सभी जरूरी उपकरणों को चालू हालत में रखने के निर्देश दिए.

साथ ही कहा कि किसी भी मशीन में खराबी आने पर उसे तुरंत ठीक करें, ताकि जलापूर्ति न रुके. निरीक्षण के दौरान पानी की शुद्धता, गंध और दूसरे जरूरी मानकों की जांच की गई. इस मौके पर जलप्रदाय शाखा प्रभारी राजकुमार गिरजे समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.

# किन्नरों की खुशियों में उत्साह से नाच रहा सर्व समाज

किन्नर समुदाय द्वारा आयोजित भागवत कथा में बड़ी संख्या में पहुंच रहे लोग



*ब्यावरा. कथा में भजनों के दौरान खुशी से श्रद्धापूर्वक झूमते हुए श्रद्धालुजन*

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 जून,का. किन्नर समाज से महामण्डलेश्वर हेमलता शरण सखी और भागवताचार्य पं मनोज तिवारी की कथा को श्रवण करने श्रद्धालु बड़ी संख्या में वल्लभा गार्डन पहुंच रहे है. कथा का आयोजन किन्नर समुदाय की राजगढ़ जिले की गुरूमाता मीना नायक द्वारा किया जा रहा है. मीना नायक ने करीब सात वर्ष पूर्व एक अनाथ बेटी जोया पंजाबी को गोद लिया था. उसकी खुशी में विभिन्न पूजा-अर्चना के साथ ही भागवत कथा कराई जा रही है.**

किन्नर समाज की उत्तराखण्ड से आई महामण्डलेश्वर हेमलता शरण सखी की विद्वता से सभी प्रभावित हो रहे है और पीपलबे आश्रम ब्यावरा के भागवताचार्य पं मनोज तिवारी कथा की भव्यता, दिव्यता से सभी प्रभावित हो रहे है. इस खुशी के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु किन्नर समुदाय को अपना स्नेह देने पहुंच रहे है. सभी लोग इस मौके पर झूमकर खुशी का अहसास करा रहे है.

आयोजन की श्रृंखला में आज गुरूवार को प्रात: किन्नर समुदाय द्वारा एक जुलूस निकाला जाएगा. जो चिंताहरण मंदिर से होते हुए वैष्णवदेवी मंदिर पहुंचेगा. इन मंदिरों पर घंटाल भेंट किया जाएगा. उपरोक्त आयोजन में समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हो रहे है. जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग भागवत कथा में पहुंचकर जहां श्रवण लाभ ले रहे है वहीं किन्नर समुदाय से आर्शीवाद भी प्राप्त कर रहे है. वल्लभा परिसर में जारी आयोजन में जारी भागवतकथा का समापन कल शुक्रवार 12 जून को होगा. कथा का विशेष आकर्षण किन्नर समुदाय की ही महामण्डलेश्वर हेमलता शरण सखी हैं जो उत्तराखण्ड से पधारी है.

**फैसला** हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तब 12 साल बाद मिला महिला को न्याय

# झूठ बोलकर शादी की, दूसरी बीवी पहुंची हाईकोर्ट, देना होगा मुआवजा

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 जून, का. एक आदमी को झूठ बोलकर दूसरी शादी करने और दूसरी पत्नि को परेशान करने के मामले में हाईकोर्ट ने भरण पोषण देने का आदेश दिया है. महिला पिछले 12 साल से न्याय के लिए भटक रही थी. जब महिला ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तब जाकर उसे न्याय मिला.**

इंदौर उच्च न्यायालय खंडपीठ ने बुधवार को ब्यावरा निवासी सीमा बाई को 12 साल के कानूनी संघर्ष के बाद राहत प्रदान की है. न्यायालय ने उनके पति बसंतीलाल को आदेश दिया है कि वह अपनी पत्नी सीमा बाई और बेटे राहुल को 5-5 हजार रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण राशि का भुगतान करे. यह राशि 27 अप्रैल 2014 से देय होगी.

एडवोकेट जितेंद्र जोशी और उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के अधिवक्ता अनिरुद्ध सक्सेना के अनुसार, ग्राम धानियाखेड़ी निवासी सीमा बाई का विवाह लगभग 20 वर्ष पहले जामनेर निवासी सरकारी शिक्षक बसंतीलाल से हुआ था. आरोप है कि बसंतीलाल ने अपनी पहली पत्नी कृष्णाबाई के बारे में जानकारी छिपाकर 2007 में सीमा बाई से विवाह किया था. दोनों ने पति-पत्नी के रूप में जीवन बिताया और उनके दो बेटे हुए.

बाद में, बसंतीलाल का अपनी पहली पत्नी से समझौता होने के बाद परिवार में विवाद बढ़ गया. इसके परिणामस्वरूप, सीमा बाई और उनके बेटे राहुल को घर से बाहर निकाल दिया गया. इसके बाद सीमा बाई ने पुलिस और अदालतों का सहारा लिया.

### 12 साल तक लड़ी कानूनी लड़ाई

न्यायालय के इस फैसले ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि कानून का उद्देश्य सिर्फ दस्तावेजों को देखना नहीं, बल्कि वास्तविक परिस्थितियों में पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाना भी है. 12 वर्षों तक चली इस लड़ाई का अंत सीमा बाई और उनके बेटे के लिए राहत लेकर आया है, वहीं यह निर्णय महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण नजीर भी बन गया है.

### निचली अदालतों से मिली थी निराशा

घर से निकाले जाने के बाद सीमा बाई ने पुलिस और अदालतों का सहारा लिया, लेकिन शुरुआती स्तर पर उन्हें निराशा ही हाथ लगी.

निचली अदालत ने विवाह का पर्याप्त प्रमाण नहीं होने का हवाला देते हुए भरण-पोषण का दावा खारिज कर दिया. यहां तक कि डीएनए जांच की मांग भी स्वीकार नहीं की गई. इसके बावजूद सीमा बाई ने हार नहीं मानी और उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया.

### निचली अदालत ने पहले खारिज किया था दावा

निचली अदालत ने विवाह का पर्याप्त प्रमाण नहीं होने का हवाला देते हुए सीमा बाई का भरण-पोषण का दावा खारिज कर दिया था. हालांकि, उच्च न्यायालय ने मामले की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि भरण-पोषण के मामलों में विवाह सिद्ध करने के लिए कठोर तकनीकी प्रमाण आवश्यक नहीं हैं. न्यायालय ने कहा कि यदि पुरुष और महिला लंबे समय तक पति-पत्नी की तरह साथ रहे हैं, तो इसे विवाह का मजबूत संकेत माना जा सकता है. उच्च न्यायालय ने यह भी माना कि डीएनए जांच कराने से पति का इनकार उसके खिलाफ जाता है. इसी आधार पर राहुल को बसंतीलाल का पुत्र माना गया. न्यायालय का यह फैसला उन महिलाओं के लिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो विवाह के औपचारिक दस्तावेज न होने के कारण अपने अधिकारों से वंचित रह जाती हैं.

### प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज की पूर्व छात्रा बनी बैंक ऑफिसर

**राजगढ़ 10 जून, का.** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजगढ़ की पूर्व छात्रा कविता दांगी का चयन मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक में ऑफिसर स्केल -1 पद पर हुआ है. कविता दांगी ने वर्ष 2023 में महाविद्यालय से बी.एससी. तथा वर्ष 2025 में हिंदी विषय से स्नातकोत्तर (एम.ए.) की उपाधि प्राप्त की. उनकी उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सफलता के लिए संसाधनों से अधिक महत्वपूर्ण अनुशासन है.